राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक :– 18.09.2014

आयोग द्वारा दिनांक 27.07.2014 को आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा, 2013 के समाजशास्त्र, अंग्रेजी, एजुकेशन, राजस्थानी, मनोविज्ञान, उर्दू, फिजिकल एजुकेशन, संस्कृत, गृह विज्ञान के पेपर II, III की उत्तर कुंजियाँ आयोग की वेबसाइट पर क्रमशः दिनांक 20.08.2014, 21.08.2014, 22.08.2014, 25.08.2014, 26.08.2014, 27.08.2014 को जारी कर आपत्तियाँ आमंत्रित की गयी। उक्त विषयों में अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों की जांच विषय विशेषज्ञों से करवा कर **अंतिम** संशोधित उत्तर कुंजियाँ आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 18.09.14 को जारी कर दी गयी हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को अब भी कोई आपत्ति हो तो प्रेस – नोट जारी करने की दिनांक से 03 दिन की अवधि अर्थात् 23.09.14 तक आपत्ति, दो प्रामाणिक (Authentic) पुस्तकों के प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, आपत्ति आवश्यक रूप से निर्धारित प्रपत्र पर प्रस्तुत की जावे। पूर्व में प्राप्त आपत्तियों के अलावा नई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रत्येक प्रश्न – पत्र हेतु अलग – अलग आपत्ति प्रपत्र में प्रस्तुत की जावे। आपत्तियों के साथ दो प्रामाणिक (Authentic) पुस्तकों के प्रमाण संलग्न नहीं होने, निर्धारित प्रपत्र पर नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। तीन दिन पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा वर्तमान में जारी की जा रही उत्तर कुंजियों के आधार पर उक्त परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकेगा।

(ईश्वरी दत्त शर्मा)
उप सचिव